# गृहविज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



जोधपुर @ पत्रिका. महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को गृहविज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संस्थान प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि महाविद्यालय की बीए गृहविज्ञान विषय की 57 से अधिक छात्राओं ने 160 से अधिक गृहविज्ञान मॉडल का प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमला नेहरू महिला कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी माथुर, अकादमिक निदेशक डॉ. शुभा दाधीच एवं महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी ने किया। प्रदर्शनी में राजस्थानी पूजा थाली की साज सज्जा और कपड़े पर मांडने कला प्रतिरूप मॉडल ने आकर्षित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को गृहविज्ञान के कई टिप्स दिए।